# हिन्दी कॉमेडी मोनोलॉग स्क्रिप्ट फॉर मेल |Comedy Audition Script For Male(Monologue)

## पूर्वाभास :

यहापर एक फॅन का शूटिंग होने जा रही है , एक charactar को शूटिंग के लिए आना था वो आता है ,और तुरंत सबको आवाज देने लगता है | उसे लगता है की उसे मेंन रोल केलिए बुलाया है पर यहा बात कुछ और ही होती है | यह character ,फिल्म का डायरेक्टर और उसका असिस्टन्ट एनके बीच का यह सीन है |

ध्यान रहे की यह एक कॉमेडी स्क्रिप्ट है ,साथ ही कैरिक्टर भी कॉमेडी है | जब आप इसे पढ़ेंगे तो उसे पहले आप समझिए ,उसके बाद बॉडी लँगवेज करे और बादमे उसे पेश करे तो आप फूल एनर्जी से पेश कर सकते है |

साथ ही यह कैरिक्टर थोड़ा टेढ़ा ,सटकीला , पागल है , जैसे साउथ मूवीज मे होता है | तो पेश करते व्यक्त यह सब ध्यान रखे |

## पात्र :

साइड कैरेक्टर (कॉमेडी कैरेक्टर) 30-40 वर्ष

## समय :

1 मिनिट 40 सेकंद

## Audition Script in Hindi PDF | मेल के लिए हिन्दी ऑडिशन स्क्रिप्ट

हेलो हेलो ..कौन है या नहीं यहापर..हेलो ...अरे क्या कोई है कि नहीं यहाँ ।

बॉय ज़रा टिशु देना..

इसीलिए ऐसे छोटे मोठे प्रोजेक्ट मैं नहीं लेता , क्या है ना इन लोगों को टाइम कि वैल्यू हि नहीं है । देख तू नया है यहाँ , तो सबसे अच्छे से पेश आना समझा ।

एक्स क्यूँज मी ... ए तू हि ....इधर आ ..

अरे आ ना ...जा दोन जूस लेकर आ..और जल्दी आ ..

अरे देख क्या रहा है जा।

(सामनेवाला व्यक्ति कान के नीचे आवाज निकलता है) आ ....आ ..आ...आप हि director है , सर माफ़ करना मुझे वो जल्दबाजी मे गलती हुई ।

सर गुस्सा थूक दीजिये ना । सर आपकी मूवी का लीड हीरो आपके सामने हाजिर है सर...ढांटाडान.....

क्या ?? सर ऐसा मत कहो ..आप हि ने तो कहा था कि लीड रोल है , इस रोल एक लिए इस बॉय को भी रख लिया है । इसके भरोसे तो मैंने बहुत कुछ् उधार किया है ।

ए director के असिस्टेंट इधर आ , तेरा चटनि बनाकर इडली के साथ सबको खिलाऊंगा। क्या रे तूने तो बोला था कि लीड रोल है , इधर तो लीड पागल बनाकर रख दिया है ।

कितने अच्छे अच्छे सपने देखें थे टाय सूट पहनने मिलेगा बगल मे माधुरी दीक्षित ..और बड़े आँखे वाले विलन को जमकर एक हि फाइट मे गिराउगा।

तूम लॉगो ने तो मेरा प्लान चोपट कर दिया। मगर एक दिन ये शेर इंडस्ट्री का चेहरा बनेगा और पूरी इंडस्ट्री पर राज करेगा ।उसके बाद सबसे पहले तेरे बोस को मेरा PA बनाऊंगा। समझे ।।

अरे रे क्या बात हुई यहाँ आया नहीं तब तक कपड़ा पहना रहे हो ,पहले स्क्रिप्ट तो , process फॉलो करो।

(मजाक मे असिस्टन्ट फिल्म से निकालने की धमकी देता है )

क्या फिल्म से निकाल दिया ! नहीं नहीं मैं तो मजाक कर रहा था ,ये देखो पहन लिया कपड़ा और बोलो क्या करना है ।

हया ।।। ये जो आ रही है वो हि हेरोइन है क्या ? अबे क्या मनहूस शकल के कास्टिंग है ,कोई choice हि नहीं है ।खैर छोड़ो अपने जैसे ईमानदार एक्टर को हि ज्यादा स्ट्रगल करना पड़ता है ।

(डायरेक्टर बुलाता है )

आया आया ...

वो ये आपका असिस्टेंट मुझसे टाइम पास करवा रहा है ।।

(असिस्टन्ट के पास देखकर )

अब गया तू बेटा ।।।